## संक्षिप्त

### मदन लाल सैनी को पितृशोक

**उनियारा/चौरु, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र पलाई के हुकमपुरा निवासी पत्रकार मदन लाल सैनी के पिता का गुरुवार को 63 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। निधन पर पत्रकार सुरेंद्र शर्मा चौरु,



स्व.राधेश्याम सैनी

अशोक कुमार सैनी चौरू, मुजम्मिल सारण उनियारा, निर्मल गुप्ता, संदीप गुप्ता , प्रवीण शर्मा, महेश त्रिपाठी, शिवराज मीणा, आनंद शर्मा, महेंद्र कुमार सैनी, अशोक कुमार सैनी उनियारा, मुनीम मीणा, सलीम खान, राजेश कुमार सैन बनेठा, सोजी लाल धाकड पलाई, माजिद पलाई सहित कई पत्रकारों, इष्टजनों, मित्रों, शुभचिन्तकों ने शोक व्यक्त कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

### मंदिर के पास मिला अधेड़ का शव

**पावटा, (निसं)।** जिले में थाना प्रागपुरा क्षेत्र के पावटा कस्बे में शनि मंदिर के पास शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह थाना प्रागपुरा पुलिस को सूचना मिली कि पावटा कस्बे में शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति का शव पडा है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि मृतक की पहचान परिजनों ने सरदार सिंह पुत्र शंकर सिंह जाति राजपूत 50 साल निवासी जेपी विहार कॉलोनी थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली बहरोड के रूप में की।

### तीन सड़क हादसों में चार घायल

**मालपुरा, (निसं)।** दूदू-छाण स्टेट हाईवे के मालपुरा टोडारायसिंह सडक मार्ग पर शुक्रवार को तिलांजू रोड के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक बाइक सहित सडक किनारे नाले में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को ग्रामीणों ने मालपुरा अस्पताल में पहुंचाया। जहां से दोनों को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। गुरूवार की देर रात्री को जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर रिद्धी सिद्धी रेस्टोरेन्ट के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से खेमराज पुत्र मोहन लाल सैनी निवासी जयपुर रोड घायल हो गया। तो दुसरे सडक हादसे मे भागचन्द सेन पुत्र हनुमान सेन निवासी गनवर घायल हो गया। मालपुरा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद भागचन्द को जयपुर रैफर किया गया।

### 16 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) थाने की ओर से आला कमान अधिकारियों के निर्देशन पर एक विशेष अभियान चलाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए आरपीएफ निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि आरपीएफ के जवानों द्वारा अभियान के तहत तुरन्त कार्यवाही करते हुए परिसर में अवैध रूप से रेलवे लाईन पार करने वाले, बिना टिकट यात्रा करने वाले, दिव्यांग कोच में अथवा पायदान पर खडे अथवा बैठकर यात्रा करने वालों को तथा रेल गाडियों में अवैध वेण्डिग करने वालों सहित कुल 52 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उन्हें वहीं रेलवे कैम्प कोर्ट में मजिस्ट्रेट नारायण प्रसाद के समक्ष पेश किया गया। जहां उन पर कार्रवाई करते हुए 16 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

### आयुक्त फतेह सिंह का स्थानांतरण

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए अधिकारियों व कार्मिकों के स्थानान्तरण किये जा रहे है। इसी क्रम में स्वायत्त शासन विभाग द्वारा तीन वर्षो से एक ही पद पर तैनात अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक सुरेश कुमार ओला ने नगर परिषद कोटपूतली में आयुक्त पद पर कार्यरत अधिशाषी अधिकारी (चतुर्थ) फतेह सिंह मीणा का स्थानान्तरण नगर परिषद सवाई माधोपुर में सचिव पद पर किया है।

# सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री जवाहर



गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जिला कारागृह टोंक का औचक निरीक्षण कर जेल के बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

- जिला कारागृह का निरीक्षण, जेल गार्ड ने सशस्त्र सलामी दी

**टोंक, (निसं)।** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जिले के सभी अधिकारियों को कहा कि सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की जन-कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वितति में लापरवाही एवं शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बेढम ने कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। गृह राज्य मंत्री ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले की प्रगति की जानकारी ली तथा कहा कि शिविरों में योजनाओं के लाभ से वंचित रहे लोगों को भी जोडा जाएं। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटे नहीं। बेढम ने जिले में सोशल मीडिया अवेयरनेस एवं साइबर क्राइम को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया अवेयरनेस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। अभिभावकों को भी गाइड करें। साइबर क्राइम घटित होने के बाद पीडित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एवं 1930 पर कॉल शिकायत कैसे करें इसे लेकर प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने जिला कलेक्टर को चारों विधानसभाओं में प्रशासनिक, टेक्निकल एवं दो स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की कमेटी गठित कर जेजेएम के तहत हुए कामों की रेंडमली जांच करने के निर्देश दिए साथ ही जांच में जो भी दोषी पाए जाएं उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएं। पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटे लाल बैरवा को सर्विस डिलिवरी बेहतर करने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को केंद्र सरकार से विद्युत लाईनों के मेंटेनेंस के लिए प्राप्त धन राशि का समुचित उपयोग कर आगामी एक माह में अभियान चलाकर पूरा करने पर जोर दिया साथ हीए सडकों के बीच दुर्घटना संभावित बिजली के खंभों को बदलने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा, विजय बैंसला, रामचंद्र गुर्जर, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

वही गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शुक्रवार को जिला कारागृह टोंक का औचक निरीक्षण किया। गृह राज्य मंत्री की अगवानी जेल गार्ड ने सशस्त्र सलामी देकर की। बेढम ने जेल के बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली साथ ही भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सकीय सुविधा, विधिक सहायता, मनोरंजनात्मक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संदर्भ में बंदियों से जानकारी ली। बंदियों ने जेल व्यवस्था पर संतोष प्रकट किया। बेढम ने जेल में चल रही श्रीमद्भागवत ऑनलाइन कक्षा का भी अवलोकन किया।

### कार खाई में गिरी, दो घायल

**सांभरझील, (निसं)।** गुढ़ा कस्बें में शुक्रवार दोपहर में बाबा भैरव नाथ मंदिर के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क से दूर जाकर खेल मैदान के पास खाई में जा गिरी। कार में सवार दो व्यक्तियों को मामूली चोटे आई।

जानकारी अनुसार बताया जा रहा कि शुक्रवार को सामने से एक बकरी सडक के बीच आ गई। बकरी को बचाने के चक्कर में अचानक गाडी गिट्टी में पलटकर सडक से दूर खाई में जा गिरी। लोगों ने बताया कि कार की रफ्तार धीमी ही थी लेकिन क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग पर उलट गई। गंभीर हादसे में कार के परखच्चे उड गए। चारों ओर के शीशे चकनाचूर हो गए तथा कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों युवक टूटे हुए आगे के शीशे से बडी मुश्किल से बाहर निकल सके। एक गंभीर रूप से घायल युवक को सांभर उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया। हादसे में युवक का एक कंधा फ्रैक्चर हो गया जिसका उपचार कर देर शाम छुट्टी दे दी गई।

# सेटेलाइट हॉस्पिटल में सवा करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन

**अलवर, (निसं)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को सेटेलाइट हॉस्पिटल कालाकुआं में विभिन्न विकास कार्यों एवं फुल्ली ऑटोमेटेड बायोकैमेस्ट्री मशीन व सोनेग्राफी का उद्घाटन किया।

मंत्री शर्मा ने सैटेलाइट हॉस्पिटल में विधायक कोटे से प्रदान की गई 11 लाख रूपये की लागत की फुल्ली ऑटोमेटेड बायोकैमेस्ट्री एनीलाइजर मशीन एवं एमआरएस से 22 लाख रूपये की लागत राशि से नवनिर्मित रजिस्ट्रेशन कक्ष, प्रथम तल पर निर्मित भवन, 75 लाख रूपये की लागत का ऑक्सीजन प्लांट एवं 20 लाख की लागत की सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन किया। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार कर चिकित्सा तंत्रा को मजबूती प्रदान करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में कराए गए विकास कार्यो से मरीजों की सुविधाओं में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि सोनोग्राफी मशीन लगने से गर्भवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों की चिकित्सालय में ही सोनोग्राफी की जा सकेगी तथा ऑटोमेटेड बायोकैमेस्ट्री मशीन से चिकित्सालय में ही मरीजों को 21 प्रकार की जांच कराने की सुविधा मिलेगी। इस दौरान चिकित्सालय स्टाफ द्वारा मंत्री शर्मा का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तथा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर निगम के महापौरघनश्याम गुर्जर, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, अशोक गुप्ता, पं. जलेसिंह, मनोज चौहान, डॉ. के.के शर्मा, धीरज जैन, बीना नरूका, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, संजय जसाइवाल, सीताराम चौधरी, सुमन चौधरी, जितेन्द्र राठौड,एल.एन गुप्ता, राजेन्द्र कसाणा, डॉ. जी.एस राठौड सहित चिकित्सकीय स्टाफ एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।





वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने सेटेलाइट हॉस्पिटल में बायोकैमेस्ट्री मशीन व सोनेग्राफी का उद्घाटन किया।

## स्काउट गाइड्स दर्पण का विमोचन

**लालसोट, (निसं)।** श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट में प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की स्मारिका स्काउट दर्पण का विमोचन लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने किया।

ज्ञातव्य है कि लालसोट विधायक रामविलास मीणा हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यों को करने के लिए तैयार रहता है वह आगामी समय में इस संगठन से अपेक्षा करते हैं कि समय-समय पर जब भी स्काउट गाइड की जहां आवश्यकता पडे श्रमदान कर अपने संगठन का नाम रोशन करें। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ब्लाक लालसोट के उपाध्यक्ष रामचरण बोहरा ने लालसोट विधायक रामबिलास मीणा एवं सोनू बिनोरी, रामखिलाडी मीणा एवं अन्य जनप्रतिनिधी पार्षदों को राष्ट्रवादी स्वदेशी संगठन हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की विचारधारा के बारे में जानकारी प्रदान की।

ब्लॉक रोवर लीडर अमन शर्मा, हनुमान सैनी, रेंजर लीडर पायल महावर एवं पूजा गुर्जर आदि अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में अपनी सेवाएं प्रदान की। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला सभाध्यक्ष नवीन पांखला हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स लालसोट के सचिव भी है। सचिव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उपाध्यक्ष रामचरण बोहरा ने सभी राष्ट्रवादियों से आव्हान किया कि अब हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स को मजबूती प्रदान करें।





विधायक रामविलास मीणा ने हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की स्मारिका का विमोचन किया।

## देवनारायण जयंती पर भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा

- मंत्री जवाहर सिंह ने पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा रवाना की

**टोंक, (निसं)।** श्री देवनारायण भगवान की 1112वीं जयंती के अवसर पर गुर्जर समाज टोंक द्वारा शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को राज्य के पशुपालन एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बैडम ने श्री देवनारायण भगवान की आरती कर एवं धर्म पताका फहरा कर रवाना किया।

शोभायात्रा बैंडबाजों एवं डीजे की मधुर धुनों के साथ श्री देवनारायण भगवान मंदिर हीरा चौक से प्रारम्भ हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे लवाजमे से सजी धजी पांच घोडियों पर बैठकर समाज बंधु धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे। बीच में श्री देवनारायण भगवान की मनोहरिक झांकी, सिर पर कलश रखे हुए सैकडों महिलाये एवं बैंड की धुनों पर नाचते गाते, देवनारायण भगवान के जयकारे लगाते हुए नौजवान एवं समाज बंधु बडे उत्साह के साथ शामिल रहें। इस दौरान सामाजिक संगठनों, व्यापारियों आदि ने श्री देवनारायण भगवान की आरती उतारकर धर्म लाभ प्राप्त किया। शोभायात्रा में कालूराम गुर्जर, कंवरपाल गुर्जर, लक्ष्मी नारायण गुर्जर, रामावतार धाभाई, नेहनूलाल पटेल, रामप्रकाश बदुडी, रमेश पढियार, शिवराज कुकड, रामलाल लांगडी, रामलाल कोली, राधाकिशन गुर्जर, ग्यारसी लाल हरसाना, फतेहलाल गुर्जर, भगवान पटेल, बजरंग लाल चावडी, रामफूल डोई, महावीर पेंटर, केदार गुर्जर, रामलाल संडीला, भगवान दास गुर्जर, शैलेश गुर्जर, ओमप्रकाश गुर्जर, विक्रम गुर्जर, महेश गुर्जर, धर्मराज गुर्जर सहित समाज बंधु शामिल थे।

## सार-समाचार

### मां जमवाय का प्रथम पाटोत्सव आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ओम शक्ति मंदिर झाडली (श्रीमाधोपुर) जिला नीमकाथाना में मां जमवाय का प्रथम पाटोत्सव कार्यक्रम 17 फरवरी शनिवार को आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए नरपत सिंह झाडली ने बताया कि प्रात: 10.15 बजे से हवन, दोपहर 12:15 बजे से जोत और 12:30 बजे से प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व 16 फरवरी शुक्रवार को प्रात: 10:15 बजे से दुर्गा सप्तमि पाठ एवं रात्रि में जागरण का आयोजन किया गया। सिंह ने क्षेत्रवासियों से पाटोत्सव कार्यक्रम में सपरिवार भाग लेने का आग्रह किया है।





### योजनाओं की प्रगति के बारे में जाना



**कोटपूतली, (निसं)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के उपरान्त जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राठौड़ ने विकसित भारत योजना के तहत जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा सभी योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री राठौड़ को सभी विभागों के अधिकारियों से परिचय कराते हुए नये जिले में आ रही प्रशासनिक समस्याओं के बारे में अवगत कराया तथा समाधान के लिए अनुरोध किया। इस पर मंत्री राठौड़ ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिलाया। राठौड़ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी योजनाओं की विभागवार समीक्षा कर योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा अच्छी प्रगति रिपोर्ट देखकर उन्होंने सभी अधिकारियों की प्रशंसा की तथा इसी लगन के साथ कार्य करते हुए अधिकारियों को सभी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विधायक हंसराज पटेल, एडीएम योगेश कुमार डागुर, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, डीटीओ सुनील सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, जिला जनसम्पर्क अधिकारी नितिन कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में भक्तों ने पाई प्रसादी

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद आश्रम में शुक्रवार को रामानंद महाराज के सानिध्य में वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान हवन के आयोजन के उपरांत दोपहर 12 बजे से मंदिर परिसर में भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे आसपास के श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। वार्षिकोत्सव के दौरान त्रिवेणी धाम से आई साध्वी सुनीता बहन के द्वारा फागोत्सव गीत गाए गए। वही गत रात्रि को आश्रम में भजन-सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज, साध्वी विदुषी सरस्वती, रोहिताश सैनी, सोहन लाल, रामनिवास प्रजापत, योगेश सैनी, पुष्पेन्द्र प्रजापत, मामराज सैनी, डूडू सैनी सहित बडी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### देवनारायण भगवान की जयंती मनाई

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के इंद्रा कॉलोनी में गुर्जर समाज के आराध्यदेव देवनारायण भगवान की 1112 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। वही उपस्थित लोगों ने भगवान देवनारायण के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर शिक्षा को बढावा देने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के महिपाल सिंह गुर्जर, एडवोकेट उपेन्द्र कुमार आत्रेय, रामधन गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर मालीराम कसाना, जगदीश गुर्जर, कमल अठावाल, प्रह्लाद यादव, राजेश बुनकर, रोहिताश यादव, मनीष आत्रेय, कृष्ण कुमार वर्मा, सुल्तान बुनकर, लालाराम, जीतू वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### अवैध शराब व बीयर जब्त, एक गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध शराब, मादक पदार्थ के भण्डारण व परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त कार को जप्त किया है। एसएचओ राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कडी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आसूचना संकलन कर 8 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर सहित अभियुक्त सनोज (39) पुत्र प्रकाश कंजर निवासी गिरवास, खैरथल को गिरफ्तार कर अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त कार को जप्त कर अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### भगवान देवनारायण का जन्मोत्सव मनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर में शुक्रवार को श्री देवनारायण जन कल्याण संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में भगवान श्री देवनारायण का 1112 वाँ जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर भगवान श्री देवनारायण की मूर्ति पर माल्र्यापण कर, पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्जवलित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पी.एम. संवाद कार्यक्रम आयोजित, लाभार्थियों ने सुना मोदी का संदेश

**मालपुरा, (निसं)।** सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान मालपुरा में शुक्रवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

उपखण्ड प्रशासन एवं पंचायत समिति द्वारा आयोजित समारोह में पहुंचे जलदाय मंत्री एवं क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शामिल लखपति दीदी व उज्जवला गैस कनेक्शन सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के चैक व गैस चूल्हा वितरण करते हुये कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने एक के बाद एक जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत कर देश के जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को लाभान्वित करने का रिकॉर्ड बनाया है जो कि कांग्रेस ने 70 साल के शासन में नहीं बनाया। अब केन्द्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार पांच साल में राजस्थान का कायाकल्प करेगी। लखपति दीदी योजना में स्वंय सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा चूल्हे में ईंधन से खाना बनाने वाली गृहणियों को उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन देकर उनका भविष्य संवारने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की अनेक योजनाओं से महिलाओं को लाभान्वित किया है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन का अंत कर भाजपा के सुशासन लाने में देश की जनता ने अपने वोट की ताकत से प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के हाथ मजबूत किये है।

मंत्री ने कहा कि टोरडी सागर बांध में पानी डलने के बाद ही सिर पर पगडी पहनने का जो संकल्प उन्होने लिया था वो संकल्प अब पूरा होगा। समारोह में पहुंचे लाभार्थियों ने मंत्री के साथ प्रधानमंत्री मोदी का जनसंवाद बडी स्क्रीन पर देखा। एसडीएम मनोज कुमार वर्मा, एडीएम अशोक कुमार त्यागी, तहसीलदार राहुल पारीक, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, टोडारायसिंह पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी, प्रधान सकराम चौपडा, एएसपी पुष्पेन्द्र सिंह, पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड, पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, नरेन्द्र जैन ने मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने खेल मैदान पर ही जनता दरबार लगा जनसुनवाई की। जिसमे पहुंचे फरियादियों ने मंत्री को समस्याओं से अवगत करवाने पर संबंधित अधिकारियों को मंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। इसके बाद मंत्री ने डिग्गी व धौली पंचायत मुख्यालय पर स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत घर-घर कचरा संग्रहण के लिये ई-रिक्शा को झंडी दिखा कर रवाना किया।



जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा में पीएम जनसंवाद समारोह में लाभार्थियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिया।

- डबल इंजन की सरकार पांच साल में राजस्थान का कायाकल्प करेगी : मंत्री कन्हैयालाल

## भारत संकल्प शिविर का शुभारंभ

**किशनगढबास/खैरथल, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनाज मंडी खैरथल परिसर में विकसित भारत संकल्प शिविर में पहुंचे हजारों लोगों को वर्चुअल संबोधित किया।

खैरथल में आयोजित विकसित भारत संकल्प शिविर का शुभारंभ जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका, पूर्व विधायक रामहेत यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला उपखंड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कार्मिकों के अलावा भाजपा जन प्रतिनिधि व महिलाएं पीएम नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुनने के लिए पहुंचे थी। कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सीधे जुड़े रहे। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका, पूर्व विधायक रामहेत यादव, नगर परिषद सभापति हरीश रोघा, किशनगढबास नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि, सतीश सिंघल एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा एसडीम किशनगढबास बिजेंदर मीणा जिला परिषद अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीनबंधु सुरोलिया सहित अधिकारियों ने आयोजन में सहयोग देने वाले कार्मिकों एवं संस्कृत कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं का संदेश देने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले की तैयारियां शुरू

- 11 मार्च से 21 मार्च तक बाबा श्याम का लक्खी मेला

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** धार्मिक नगरी में बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेला 11 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित होगा। बाबा श्याम के फाल्गुनी मेले को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा तैयारियां आरम्भ कर दी है।

श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मेलें को लेकर बैरिकेडिंग, पेयजल, बिजली, सीसीटीवी कैमरे, छाया, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं शुरू कर दी है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, मंत्री श्याम सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान की देखरेख में करीब तीन लाख पच्चीस हजार स्क्वायर फीट में लखदातार मैदान तैयार हो रहा है। लखदातार मैदान की क्षमता करीब एक लाख श्याम भक्तों की रहेगी। इसमें 5वाटर हार्वेस्टिंग, सीसीटीवी कैमरे, पांच बड़ी स्क्रीन लगाई गई है। इसके साथ ही चालीस फीट नये मार्ग में 1250 मीटर लम्बाई तक टैन शेड निर्माण करवाया गया है तथा पेचवर्क का कार्य भी प्रगति पर है। मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक संतोष शर्मा ने बताया कि लखदातार मैदान सहित नवीन रास्ते में दस स्थानों पर जल मंदिर बनाए जा रहे हैं। इसमें चार सौ नल की टोंटी लगाकर भक्तों के लिए पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए तीन ट्यूबवेल का निर्माण करवाया गया है तथा एक 90 हजार लीटर पानी की क्षमता की टंकी का निर्माण करवाया गया है।

श्याम बाबा के वार्षिक लक्खी मेले के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें लखदातार मैदान में तीन, रास्ते में एक, 52 बीघा पार्किंग में दो सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। इसके साथ ही आने वाले श्याम भक्तों को लखदातार मैदान में चलते-चलते स्क्रीन के माध्यम से लाइव दर्शन करवाए जायेंगे। ऐसे में पांच बडी स्क्रीन लगाई जाएगी। श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा सुरक्षा के लिहाज से मेले के दौरान 350 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जो मेला क्षेत्र सहित सम्पूर्ण कस्बे में लगेंगे। मेले की व्यवस्था को लेकर चारण मैदान में साफ सफाई व बैरिकेडिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। चारण मैदान में पांच ब्लॉक में बैरिकेडिंग होगी। चारण मैदान में अभी 25 कर्मचारी लगाए और अब कर्मचारी बढ़ाकर कार्य को गति दी जाएगी।